Regarding Business of the House

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister, Shri Kiren Rijiju Ji.

? (*Interruptions*)

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू) : सर, हमने पहले दिन से कहा है कि शीतकालीन सत्र में ठंडे दिमाग से चर्चा करनी चाहिए । ? (व्यवधान) हमने बार-बार अनुरोध किया । ? (व्यवधान) आज मैं फिर से अनुरोध करना चाहता हूँ कि देश में कई मुद्दे हैं । ? (व्यवधान) किसी भी मुद्दे को हम छोटा नहीं मानते हैं । (व्यवधान) लेकिन संसद नियम-तरीकों से चलती है । ? (व्यवधान) एक मुद्दे को ले कर बाकी मुद्दों को आप दबा नहीं सकते हैं । ? (व्यवधान) इस सदन में कई पार्टीज़ हैं । ? (व्यवधान) छोटी-छोटी पार्टियों के सदस्य भी हैं । (व्यवधान) एक पार्टी के एक-एक सदस्य भी यहां मेंबर हैं । ? (व्यवधान) सबकी बात सुननी चाहिए । ? (व्यवधान) दो-चार पार्टीज़ मिल कर के संसद को ठप्प करेंगी, यह बिल्कुल ठीक नहीं है । ? (व्यवधान) चुनाव में हार जीत होती है । ? (व्यवधान) सभापति महोदय, यह लोकतंत्र है । ? (व्यवधान) इसमें हार-जीत होती है । ? (व्यवधान) मैं भी चुनाव में हारा हूँ । ? (व्यवधान) अटल जी भी पहला चुनाव हारे थे । ? (व्यवधान) लेकिन हारने से बौखला कर आप यहां, पार्लियामेंट में गुस्सा निकालेंगे, यह ठीक नहीं है । ? (व्यवधान) यहां देश के मुद्दों को ले कर चर्चा करने के लिए हम सब आए हैं । ? (व्यवधान) मैं फिर से कहना चाहता हूँ कि ऐसी हरकतें करने की वजह से आप जनता का विश्वास खोते जा रहे हैं । ? (व्यवधान) मैं आश्वासन देता हूँ कि चाहे इलेक्शन के रिफॉर्म्स हों या कोई भी मुद्दा हो, हम पीछे नहीं हटेंगे । ? (व्यवधान) देश के किसी भी मुद्दे पर हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं । ? (व्यवधान) हमने कुछ अपोजिशन लीडर्स को बुलाया है । मैं उम्मीद करता हूँ ? (व्यवधान) अभी तक जो हंगामा किया गया है, वह ठीक नहीं है । ? (व्यवधान) आगे और न करें, इसकी मैं अपील करता हूँ और मैंने ओपोजिशन के लीडर्स से बात करने के लिए पेशकश की हुई है और वे आने वाले हैं । ? (व्यवधान) हम बात कर के कोई रास्ता निकाल कर सबकी बात हम सुनेंगे, आपकी भी बात सुनेंगे, लेकिन सरकार की बात भी आपको सुननी है । ? (व्यवधान) लेकिन यहां नारेबाजी लगा कर जो आप लोगों ने दृश्य पेश किया है, यह ठीक नहीं है । ? (व्यवधान) इसीलिए मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप संसद की गरिमा को बनाएं रखें और कृपया, आप लोग चर्चा के लिए तैयार हो जाइए । ? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I request all the hon. Members to go to their respective seats. Please go back to your seats.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet again at 2 pm.

<u>12.09 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.